# अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रास आ रहा यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का औद्योगिक माहौल अब अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी पसंद आने लगा है। पिछले चार साल में 40 विदेशी कंपनियों ने लगभग 17 हजार करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव दिया। इनमें से अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, पेप्सिको और एमएक्यू सॉफ्टवेयर ने अपनी यूनिट स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से जमीन ली है। माइक्रोसॉफ्ट और एमएक्यू सॉफ्टवेयर नोएडा में अपनी यूनिट

## निवेश में दिखाई रुचि, माइक्रोसॉफ्ट, पेप्सिको और एमएक्यू सॉफ्टवेयर 7500 लोगों को देंगी रोजगार

लगाएंगे। जबकि पेप्सिको ने मथुरा में फैक्टरी का निर्माण शुरू कर दिया है। अमेरिका की ये तीनों कंपनियां 2,866 करोड़ रुपये का निवेश कर 7500 लोगों को रोजगार देंगी।

इन अमेरिकी कंपनियों के अलावा यूएस इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम से जुड़े कई अन्य बड़े अमेरिकी निवेशक राज्य में निवेश करने को इच्छुक हैं। वे भारत में अमेरिका के राजदूत के जरिए यूपी में निवेश करने के लिए वार्ता कर रहे हैं। यूपी सरकार से भी फोरम से जुड़े अमेरिकी निवेशकों ने निवेश करने को लेकर संपर्क किया है।

**एमएक्यू इंडिया लि. को मिला नोएडा में प्लॉट :** आईटी व आईटीईएस कंपनी एमएक्यू इंडिया प्राइवेट लि. को नोएडा के सेक्टर-145 में 16,350 वर्ग मीटर का प्लॉट दिया गया है। यह कंपनी आईटी प्रोजेक्ट में 252 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। जल्दी ही कई अन्य अमेरिकी कंपनियां भी राज्य में फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल इक्यूपमेंट, ऑटोमोबाइल, आईटी व डिजिटल पेमेंट आदि में निवेश करेंगी।

## अमेरिका की ये कंपनियां निवेश को इच्छुक

अमेरिका की एडोब, अमेजन, अमेरिकन टावर कॉर्पोरेशन, एपल, कैटरपिलर, डेल्फी, सिस्को, डेलॉयट, इमर्सन, अर्नस्ट एंड यंग, गूगल, जॉनसन एंड जॉनसन, जेपी मोर्गन एंड कंपनी, लॉकहीड मार्टिन, मैरियॉट इंटरनेशनल, मास्टरकार्ड, मोंडलेज इंटरनेशनल, कार्लयिल ग्रुप, वालमार्ट, वारबर्ग पिंकस, आइएचएस मार्केट व यूएसआइबीसी जैसी कंपनियां देश और प्रदेश में निवेश करने को इच्छुक हैं। इनमें एडोब, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, डेल्फी न्यू हॉलैंड, ग्लोबल लॉजिक, एक्सल, पेप्सिको, सिनोप्सिस और कारगिल जैसी कंपनियां पहले ही भारत में कार्य कर रही हैं।